कुल छपे प्रश्नों की संख्या 31
कुल छपे पृष्ठों की संख्या 2

M-55- (XII) इतिहास – 8300

नामांक

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र - 2022-23

विषय : इतिहास

कक्षा - XII (बारहवीं)

समय : 3¼ घण्टे **पूर्णांक : 70**

निर्देश : (1) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
(2) सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न पत्र पर अनिवार्यतः लिखें।
(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

खण्ड—अ

बहुविकल्पी प्रश्न—निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1. मिट्टी से बनी हल की आकृति कहाँ मिली है? 1
(अ) लोथल (ब) रोपड़ (स) मोहनजोदडो (द) बनावली
2. कौरवों व पाण्डवों का संबंध किस वंश से था? 1
(अ) मौर्य (ब) गुप्त (स) पांचाल (द) कुरू
3. साँची के स्तूप का संबंध किस धर्म से है? 1
(अ) बौद्ध धर्म (ब) जैन धर्म (स) इस्लाम धर्म (द) ईसाई धर्म
4. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब हुई? 1
(अ) 1556 ई. (ब) 1336 ई. (स) 1526 ई. (द) 1436 ई.
5. आइन-ए-अकबरी के लेखक कौन हैं? 1
(अ) बदायूनी (ब) बाबर (स) अबुल फजल (द) रसखान
6. जंगल-बुक के रचियता हैं। 1
(अ) रूडयार्ड किपलिंग (ब) रूमिला थापर (स) हेनरी डेविड (द) अरर्नेस्ट मैके
7. कुदाल किस का प्रतीक था? 1
(अ) संथालों का (ब) पहाड़ी लोगों का
(स) अ व ब दोनों (द) कोई नहीं
8. औपनिवेशिक भारत का प्रथम हिल स्टेशन था? 1
(अ) शिमला (ब) माउंट आबू (स) ऊंटी (द) दिल्ली
9. 'सारे जहाँ से अच्छा' गीत के रचनाकार हैं। 1
(अ) मोहम्मद अली जिन्ना (ब) रहमत अली
(स) मोहम्मद इकबाल (द) खान अब्दुल गफ्फार खान
10. संविधान सभा के अध्यक्ष थे? 1
(अ) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(स) जवाहरलाल नेहरू (द) महात्मा गाँधी

खण्ड—ब

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—निम्न प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में दीजिए :

11. हड़प्पा लिपि पर टिप्पणी लिखिए। 2
12. अभिलेख किसे कहते हैं ? 2
13. हड़प्पा सभ्यता के नगर नियोजन की कौन-कौनसी विशेषताएँ आज भी प्रासंगिक हैं ? 2
14. लोग यज्ञ क्यों करते थे ? 2
15. बुद्ध की शिक्षाओं पर टिप्पणी लिखिए। 2
16. किताब-उल-हिन्द पुस्तक पर टिप्पणी लिखिए। 2
17. 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ? 2
18. सहायक संधि की दो प्रमुख शर्तें लिखिए। 2
19. 'लॉटरी कमेटी' से क्या तात्पर्य है ? 2

खण्ड—स

लघूत्तरात्मक प्रश्न—निम्न प्रश्नों के उत्तर 60-100 शब्दों में दीजिए :

20. अशोक के धम्म सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक हैं। इस कथन की विवेचना कीजिए। 3
21. महाभारत की विषयवस्तु की विवेचना कीजिए। 3
22. बर्नियर द्वारा किस प्रकार सती प्रथा का वर्णन किया गया है ? 3
23. विजयनगर साम्राज्य में कृषि क्षेत्र की किलेबंदी के लाभ व हानि बताइए। 3
24. खुद काश्त व पाहि काश्त से क्या तात्पर्य है ? 3
25. इतिवृत के महत्त्व पर टिप्पणी लिखिए। 3
26. जमीदार किस प्रकार अपनी जमीदारी को बचाने के तरीके अपनाते थे ? 3
27. भारत विभाजन के समय महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालिए। 3
28. संविधान निर्माण के समय संविधान निर्माताओं के समय क्या-क्या चुनौतियाँ थी ? 3

खण्ड—द

निबन्धात्मक प्रश्न—निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्द में दीजिए :

29. सूफी आन्दोलन व भक्ति आन्दोलन में समानताओं की विवेचना कीजिए। 5

अथवा

निम्न पर टिप्पणी लिखिए—

(अ) कबीर (ब) मीराबाई

30. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में महात्मा गांधी के योगदान का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

निम्न पर टिप्पणी लिखिए—

(अ) नमक यात्रा (ब) असहयोग आन्दोलन

31. (i) भारत के मानचित्र पर निम्न स्थानों को अंकित कीजिए— 5

(अ) लोथल (ब) गया (स) दिल्ली (द) मेरठ (य) मुम्बई

(ii) (अ) कालीबंगा (ब) सारनाथ (स) कलकत्ता (द) कानपुर (य) अजमेर

❒ ❒ ❒